# हरियाणा विधान सभा

**बुधवार, 16 मार्च, 2022**

*को होने वाली हरियाणा विधान सभा की बैठक में पूछे जाने वाले*

**तारांकित प्रश्न**

---

### बी.पी.एल. कार्डों का ब्यौरा

***1533. श्री राकेश दौलताबाद, एम०एल०ए० :** क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि वर्ष 2015–2016 से 2021–2022 तक सरकार द्वारा जिला गुरूग्राम में जारी किए गए बी.पी.एल. कार्डों का ब्यौरा क्या है ?

---

### सड़कें स्वीकृत करना

***1760. श्री बिशन लाल सैनी, एम०एल०ए० :** क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि अनाज मण्डी रादौर के सामने से बापा साधूरा तक तथा मसाना रांगडां से मसाना–जट्टान तक सड़कों के कब तक स्वीकृत किए जाने की संभावना है ?

---

### खरक रामजी को उप–तहसील के रूप में घोषित करना

***1527. श्री अमरजीत ढांडा, एम०एल०ए० :** क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या जुलाना विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव खरक रामजी को उप–तहसील के रूप में घोषित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है ?

---

### स्टेडियम का निर्माण करना

***1746. श्री राम करण, एम०एल०ए० :** क्या खेल एवं युवा मामले राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि शाहबाद विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव कतलाहेड़ी में एक खेल स्टेडियम के निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है जिसके लिए ग्राम पंचायत 5 एकड़ भूमि उपलब्ध करवाने के लिए तैयार है; यदि हां, तो इसके कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है ?

---

## बाई—पास का निर्माण

***1641. श्री राम निवास, एम०एल०ए० :** क्या उप—मुख्यमन्त्री कृपया बताएंगे कि—

(क) क्या नरवाना शहर में जीन्द—पटियाला हाईवे पर नहर से गांव मोहल खेड़ा तक बाई—पास का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त बाई—पास का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ किए जाने की संभावना है तथा उपरोक्त बाई—पास के लिए कितना बजट आबंटित किया गया;

(ग) उपरोक्त बाई—पास के निर्माण के लिए कुल कितनी भूमि का क्षेत्र अधिग्रहण किए जाने की संभावना है;

(घ) उपरोक्त बाई—पास के निर्माण का मार्ग नक्शा क्या है; तथा

(ड़) उपरोक्त बाई—पास का निर्माण कार्य आरम्भ न किए जाने के क्या कारण हैं ?

---

## पीने के पानी की समस्या

***1839. श्रीमती नैना सिंह चौटाला, एम०एल०ए० :** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि—

(क) क्या यह तथ्य है कि बाढड़ा विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव झोजू कलां, बाधवाना, मेहराना, मंडौला तथा मंडौली में पीने के पानी की समस्या है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त गांवों में पीने के पानी की उचित व्यवस्था कब तक किए जाने की संभावना है ?

---

## महिला महाविद्यालय खोलना

***1683. श्री संजय सिंह, एम०एल०ए० :** क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि—

(क) क्या यह तथ्य है कि सोहना विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के तावडू में कोई महिला महाविद्यालय नहीं है; तथा

(ख) यदि हां, तो क्या तावडू में एक राजकीय महिला महाविद्यालय खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उक्त महाविद्यालय के कब तक खोले जाने की संभावना है ?

---

## बस अड्डे का निर्माण करना

***1749. श्री ईश्वर सिंह, एम०एल०ए० :** क्या परिवहन मन्त्री कृपया बताएंगे कि क्या गुहला विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के सीवन में नये बस अड्डे का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त बस अड्डे का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ किये जाने की संभावना है ?

---

### अस्पताल का निर्माण कार्य आरम्भ करना

***1702. श्री जगदीश नायर, एम०एल०ए० :** क्या स्वास्थ्य मन्त्री कृपया बताएंगे कि क्या हसनपुर नागरिक अस्पताल का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ किये जाने की संभावना है ?

---

### पार्क विकसित करना

***1795. श्री धर्मपाल गोंदर, एम०एल०ए० :** क्या शहरी स्थानीय निकाय मन्त्री कृपया बताएंगे कि क्या तरावड़ी में कोई पार्क विकसित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके कब तक विकसित किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

---

### क्षतिग्रस्त फसलों के क्षेत्र का ब्यौरा

***1765. श्री जगबीर सिंह मलिक, एम०एल०ए० :** क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) गोहाना विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र में गांवों गढी हकीकत, बागडू, रतनगढ़, जाट माजरा तथा हुल्लाहेड़ी में भारी वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त हुई फसलों का गांववार क्षेत्र कितना है तथा उपरोक्त गांवों में अब तक बिजाई न किया गया क्षेत्र कितना है; तथा

(ख) उपरोक्त गांवों के किसानों को 2021 की खरीफ तथा रबी फसलों का गांववार दिया गया मुआवजा कितना है तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

---

### डेयरियां स्थानांतरित करना

***1773. श्री प्रमोद कुमार विज, एम०एल०ए० :** क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या पानीपत में डेयरियों को नगर निगम क्षेत्र के बाहर स्थानांतरित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) उपरोक्त डेयरियों के कब तक स्थानांतरित किए जाने की संभावना है ?

---

### ट्रॉमा सेन्टर खोलना

***1806. श्रीमती निर्मल रानी, एम०एल०ए० :** क्या स्वास्थ्य मन्त्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या यह तथ्य है कि जी. टी. रोड पर करनाल से दिल्ली तक ट्रॉमा सेन्टर नहीं है; तथा

(ख) यदि हां, तो गन्नौर विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र में जी. टी. रोड पर एक ट्रॉमा सेन्टर खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उक्त ट्रॉमा सेन्टर कब तक खोले जाने की संभावना है ?

---

## नये जलघर का निर्माण करना

***1688. श्री दुड़ा राम, एम०एल०ए० :** क्या मुख्यमन्त्री कृपया बताएंगे कि क्या फतेहाबाद के सोमा सिटी, अल्फा सिटी तथा सैक्टर–3, हुडा को नहरी पानी की आपूर्ति के लिए नये जलघर का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त जलघर के कब तक निर्मित किये जाने की संभावना है ?

---

## किसानों को मुआवजा

***1601. श्री कुलदीप वत्स, एम०एल०ए० :** क्या उप–मुख्यमन्त्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या यह तथ्य है कि बादली विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के गांवों देसलपुर, बुपानिया, शाहपुर, गंगारवा, सुरेहटी, जगरातपुर, खुड्डन, छपार, मुण्डाखेड़ा, सीलाना, सीलानी, सुबाना, अहरी, सौंधी, जैतपुर, न्यौला, देवरखाना, बाधसा तथा कासनी में बरसाती पानी के एकत्रित होने की बड़ी समस्या है जिसके कारण वर्ष 2021–2022 में उपरोक्त गांवों की रबी तथा खरीफ की दोनों फसलें क्षतिग्रस्त हो गई हैं; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त गांवों के किसानों को विशेष गिरदावरी करवाने के बाद सरकार द्वारा उपलब्ध करवाए गए मुआवजे का ब्यौरा क्या है ?

---

## बूस्टिंग स्टेशन का निर्माण करना

***1628. श्री घनश्याम सर्राफ, एम०एल०ए० :** क्या मुख्यमन्त्री कृपया बताएंगे कि भिवानी में धानी जांगा में पीने के पानी के लिए बूस्टिंग स्टेशन का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसका निर्माण कब तक किये जाने की संभावना है?

---

## शराब विक्रय स्थलों का ब्यौरा

***1825. श्री नरेन्द्र गुप्ता, एम०एल०ए० :** क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) फरीदाबाद 89 विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र में शराब विक्रय अहातों का क्षेत्रवार ब्यौरा क्या है तथा उन स्थानों के नाम क्या हैं जहां स्थल आबंटित किए गए हैं;

(ख) उक्त आबंटित क्षेत्र से एकत्र किये जा रहे प्रतिमाह किराए की कुल राशि कितनी है तथा उसका ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या यह तथ्य है कि आबंटियों ने आबंटित किये गए क्षेत्र से अधिक जगह पर कब्जा कर लिया है; यदि हां, तो सरकार द्वारा इस सम्बन्ध में अब तक क्या कार्यवाही की गई तथा उसका ब्यौरा क्या है; तथा

(घ) क्या यह भी तथ्य है कि आबंटन के समय सरकार द्वारा अग्रिम रूप से किराए की राशि ली जाती है; यदि नहीं, तो अब तक लंबित किराए की कुल राशि कितनी है ?

---

## अवैध कॉलोनियों को नियमित करना

***1494. श्री शमशेर सिंह गोगी, एम०एल०ए० :** क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या सर्कुलर रोड असंध के अन्दर/बाहर अनाधिकृत कॉलोनियों को नियमित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ?

---

## प्ले वे विद्यालयों का संचालन

***1572. श्रीमती गीता भुक्कल, एम०एल०ए० :** क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) राज्य के सरकारी मॉडल संस्कृति विद्यालयों तथा अन्य मौजूदा राजकीय विद्यालयों के बीच क्या अंतर है; तथा

(ख) राज्य में कितने राजकीय प्ले वे विद्यालय हैं तथा इन प्ले वे विद्यालयों की कार्यपद्धति क्या है ?

---

## पी०डब्ल्यू०डी० विश्राम गृह का निर्माण करना

***1638. मोहम्मद इलियास, एम०एल०ए० :** क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि पुन्हाना या पीनांगवा में एक पी.डब्ल्यू.डी. विश्राम गृह के निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

---

राजेन्द्र कुमार नांदल,
सचिव,
हरियाणा विधान सभा।

चण्डीगढ़:
दिनांक 09 मार्च, 2022.

58581—H.V.S.—H.G.P., Chd.